तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026


12 महापौर अलका के विशेष दिन को समर्थकों ने किया सैलिब्रेट


13 बुजुर्गों ने बच्चों से बांटे जीवन अनुभव






## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर घूमने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि सेक्टर-6 ई-मार्केट, बीएसपी अस्पताल गेट के सामने धारदार हथियार लहराकर घूम रहा था। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी सेक्टर-06 तेलगू पारा, भिलाई नगर निवासी राजकिशोर राम उर्फ बबुआ अपना नाम बताया है। तलाशी लेने पर युवक के पास से धारदार तलवार, अन्य धारदार हथियार जप्त किया।

### सट्टापट्टी के साथ गिरफ्तार



**भिलाई।** सट्टा पट्टी लिखते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पाटन पुलिस के पेट्रोलिंग के दौरान वार्ड 9 पाटन में सट्टा लिखने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और पाटन निवासी वीरेन्द्र देवांगन को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने मोबाइल, नगदी 10 हजार 90 रुपए, सट्टा पट्टी से जुड़े कागजात जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** नशीली दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सब्जी मंडी के पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट का अवैध रुप से बेच रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी नितेश यादव, खुर्शीद आलम को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान प्रतिबंधित नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम के 13 पैकेट, कुल 195 टेबलेट जिसकी कीमत 78 हजार रुपए आंकी गई। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### मंच से कहा- नेताओं के सम्मान में बर्बाद होता है समय और पैसा

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज पहुंचे गिरहोला और खपरी, किसानों को दी आधुनिक कृषि की जानकारी

*केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को दुर्ग जिले का एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम गिरहोला एवं खपरी में खेत भ्रमण, वृक्षारोपण तथा किसान संवाद कार्यक्रमों में भाग लिया। दौरे का मुख्य उद्देश्य किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर आधुनिक कृषि तकनीकों, केंद्र सरकार की योजनाओं और किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर चर्चा करना रहा। चौहान सर्वप्रथम ग्राम गिरहोला पहुंचे, जहां उन्होंने आम के पौधे का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया। इस दौरान नेताओं के सम्मान को लेकर बढ़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि नेताओं का सम्मान करना फालतू की प्रक्रिया है। इसमें समय और पैसा दोनों बर्बाद होते हैं। लोगों को चाहिए वो सीधे आए और नेता से काम की बात करें।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि किसानों के लिए दीर्घकालीन आर्थिक लाभ का भी स्रोत बन सकता है। वृक्षारोपण के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने यहां उन्होंने कृषि फार्मों में अपनाई जा रही नवीन खेती तकनीकों, फसल विविधीकरण एवं उत्पादन पद्धतियों का गहन अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री चौहान ने स्थानीय किसानों से सीधी बातचीत की और बागवानी फसलों में आ रही समस्याओं के समाधान पर मार्गदर्शन दिया। किसानों ने भी अपने अनुभव, सुझाव एवं चुनौतियां साझा कीं, जिन पर मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण तथा आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

खास खबर



#### सरकार की प्रमुख कृषि योजनाओं पर विशेष जोर


किसान संवाद के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने केंद्र सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना-छोटे एवं सीमांत किसानों को प्रत्यक्ष लाभांतरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना - प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की सुरक्षा, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - कृषि नवाचार एवं उत्पादन वृद्धि, डिजिटल कृषि मिशन- तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा, ड्रोन तकनीक- फसल निगरानी, कीटनाशक छिड़काव एवं लागत में कमी, प्राकृतिक खेती एवं सूक्ष्म सिंचाई योजनाएं - सतत एवं जल-संरक्षित कृषि उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक इन योजनाओं से जुड़कर अपनी आय में वृद्धि करें।

#### खपरी में अनिल कृषि फार्म का दौरा एवं किसान संवाद

केंद्रीय कृषि मंत्री खपरी के अनिल कृषि फार्म पहुंचे, जहां उन्होंने खेतों का निरीक्षण किया और स्थानीय किसानों से संवाद किया। खपरी में आयोजित बैठक में किसानों एवं अधिकारियों के साथ कृषि संबंधी समस्याओं, उत्पादन लागत, विपणन एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। किसान चौपाल में आयोजित कृषक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने सर्वप्रथम प्रगतिशील किसानों को बधाई दी। उन्होंने किसानों से संवाद की शुरुआत करते हुए पूछा कि पहले कौन-सी खेती की जाती थी, उससे कितना लाभ होता था और अब बागवानी खेती से कितना फायदा हो रहा है। किसानों ने बताया कि धान की पारंपरिक खेती की तुलना में बागवानी फसलों से अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है। इस पर मंत्री श्री चौहान ने फसल विविधीकरण को समय की आवश्यकता बताते हुए अन्य किसानों को भी बागवानी एवं आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### न्यूनतम तापमान में आएगी बढ़ोतरी

## पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक दिन बाद बारिश का बन रहा सिस्टम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पश्चिमी विक्षोभ, चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर अफगानिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रेरित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य पाकिस्तान के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक फ्रेश पश्चिमी विक्षोभ 2 फरवरी को तथा दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 5 फरवरी को उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। जिससे बारिश का सिस्टम बनता जा रहा है।

#### मासिक न्यूनतम औसत तापमान इस बार रहा कम

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में 38 सालों बाद सबसे न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में दर्ज किया गया। यहां जनवरी 2026 का मासिक न्यूनतम औसत तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस रहा। रिकार्ड की दृष्टि से पिछले 57 वर्षों में सबसे ठंडी जनवरी सन 1989 रहा है। 1989 में अम्बिकापुर का मासिक औसत न्यूनतम 4.8 डिग्री सेल्सियस था। इसके पहले यह रिकॉर्ड 1974 में 6.6 डिग्री सेल्सियस का था। 1989 के 38 वर्षों बाद इस वर्ष अम्बिकापुर में जनवरी के मासिक औसत न्यूनतम सबसे कम 7.0 डिग्री सेल्सियस के रिकार्ड स्तर पर पहुंचा है।

#### अलाव जलाना हुआ बंद

जनवरी के पिछले दस दिनों से ठंड काफी कम लगने लगी है। अधिकतम तापमान लगातार बढ़ रहा है। बीच.बीच में न्यूनतम तापमान घटता है लेकिन फिर से यह दूसरे दिन ही आगे चला जाता है। जिसकी वजह से ठंड काफी कम हो गई है। इस हालात में अब ट्विनसिटी में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलते नहीं देखे जा रहे हैं। न ही श्रमिक बस्तियों व मार्केट में अलाव दिखाई देता है। लोग नार्मल गर्म कपड़ों में ही चल रहे हैं। मौसम के व्यापक बदलाव आने की वजह से लोगों में वायरल जैसी बीमारी का अटैक होने लगा है। जिला अस्पतालए सिविल अस्पताल सुपेला ए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रोंए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपस्वास्थ्य केंद्रों में वायरल के मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं।

## आरपीएफ महानिदेशक ने दुर्ग रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, सीसी कैमरा और सुरक्षा की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आरपीएफ महानिदेशक सोनाली मिश्रा दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची। रेलवे स्टेशन का उन्होंने निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक शांडिल्य और दुर्ग

- **अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश, आईजी और एसएसपी भी थे मौजूद**

एसएसपी विजय अग्रवाल भी मौजूद थे। दुर्ग रेलवे स्टेशन स्थित वीआईपी लाउंज में महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने अधिकारियों के साथ रेलवे सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की। जिसमें रेल यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की सुरक्षा,



अपराध नियंत्रण, महिला और बच्चों की सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम और संगठित अपराधों पर नियंत्रण जैसे विषयों पर चर्चा किया।

रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक के बाद महानिदेशक ने सीनियर अधिकारियों के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन परिसर और आरपीएफ पोस्ट दुर्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्मों पर स्थापित निगरानी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, ट्रेनों में सुरक्षा प्रबंध, यात्रियों की सुविधाएं और वर्तमान सुरक्षा चुनौतियों की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। यात्रियों को सुरक्षित-भयमुक्त वातावरण प्रदान किया जाए।

### सेल को तीसरी बार मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने फरवरी 2026 से फरवरी 2027 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणन हासिल किया है। सेल ने लगातार तीसरी बार यह उपलब्धि ग्रेट प्लेस टू वर्क संस्थान द्वारा किए गए कंपनी-व्यापी मूल्यांकन के बाद प्राप्त की है। यह मान्यता कार्यस्थल की ऐसी संस्कृति को संजोने की सेल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो आधुनिक, चुस्त और अपने कर्मचारियों के पेशेवर व व्यक्तिगत विकास के अनुरूप है। अपने ट्रस्ट इंडेक्स स्कोर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है यह मूल्यांकन के दौरान सकारात्मक प्रतिक्रिया देने वाले कर्मचारियों के प्रतिशत को दर्शाता है । सेल ने संस्थान द्वारा आयोजित व्यापक सर्वेक्षण के आधार पर यह प्रमाणन अर्जित किया। संस्कृति पर वैश्विक स्तर की विशेषज्ञ संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क, असाधारण कर्मचारी अनुभव प्रदान करने वाले संगठनों को कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के जरिये सम्मानित करती है।

## पांच साल से टैक्स जमा नहीं करने वाले 174 लोगों को नोटिस

### रिसाली निगम बकायादारों की बनाई सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने ऐसे बकायादारों की सूची तैयार कराई है जो लंबे समय से टैक्स जमा करने में कोताही बरत रहे है। बकायादारों के घर पर लगे नल कनेक्शन को पहले विच्छेद किया जाएगा। बाद में बकाया टैक्स की राशि वसूल करने कुर्की की जाएगी। कई लोग ऐसे है जो लंबे समय से टैक्स जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। निगम से वे सारी सुविधाएं भी ले रहे। ऐसे लोगो की संख्या पहली सूची में 19 है।




टैक्स जमा करने धारा 173 के तहत नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन अलग करने की कार्यवाही की जाएगी। राशि जमा नहीं करने पर 174 की नोटिस देकर कुर्की कार्यवाही की जाएगी।

#### इन्हें बकायादारों को मोहलत

मांगरी देवी आजाद मार्केट को 151689 रूपए जमा करने नोटिस थमाया है। इसी तरह बुनिया देवी आजाद मार्केट को 813713 व 2221740, प्रदीप मैत्री नगर को 191548, अखिलेश यादव मैत्री नगर को 130328, शमीम अहमद मैत्री नगर 150497, नवीन सिंह मैत्री नगर को 138078, ओम प्रकाश वर्मा वैभव ट्रेडर्स को 375959, राम ध्रुव विश्वकर्मा स्टेशन मरोदा को 1648681, ओंकार कश्यप स्टेशन मरोदा को 364332, आजाद स्कूल स्टेशन मरोदा को 809353, नवीन सिंह मधुरिशा रेस्टोरेंट को 444939, शेख अहमद को 61211, आर्यावर्त को 827914, सविता गणवीर को 106055, आशीष देशमुख को 76499, वीणा विद्या निकेतन 249142, मोतीलाल ब्रदर्स 113956, उत्तम वर्मा को 57511 रुपए जमा करने 7 दिन को मोहलत दी गई है।

### सुविधा
### दुर्ग से निजामुद्दीन की सुविधा

# रेलवे ने शुरू की होली स्पेशल ट्रेन

#### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे ने होली पर्व को लेकर रेल यात्रियों की सुविधा के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। होली के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

जिसमें ट्रेन 08751 दुर्ग-निजामुद्दीन होली स्पेशल दुर्ग से 1-2 मार्च, ट्रेन 08752 निजामुद्दीन-दुर्ग होली स्पेशल निजामुद्दीन 2-3 मार्च को चलाई जा रही है। ट्रेन 08751 दुर्ग-निजामुद्दीन 1 -2 मार्च को दुर्ग से 10:45 बजे रवाना होकर रायपुर 11:20 बजे, उसलापुर 13:20 बजे, पेंड्रा रोड 14:55 बजे, अनूपपुर 15:40 बजे, शहडोल 16:20 बजे, उमरिया 17:14 बजे, कटनी मुडवारा 19:30



बजे, दमोह 20:48 बजे, सागर 21:50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन 03:35 बजे, आगरा कैंट 7:55 बजे, मथुरा जंक्शन 8:55 बजे, 2 -3 मार्च को निजामुद्दीन 11:10 बजे पहुंचेगी। ट्रेन 08752 निजामुद्दीन-दुर्ग होली स्पेशल 3-4 मार्च को निजामुद्दीन से 12:30 बजे रवाना होकर 14:05 बजे मथुरा, 15:10 बजे आगरा कैंट, 21:25 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन, 03:35 बजे सागर, 04:58 बजे दमोह, 07:05 बजे कटनी मुडवारा, 9 बजे उमरिया, 10:05 बजे शहडोल, 10:55 बजे अनूपपुर, 11:45 बजे पेंड्रा रोड, 14:10 बजे उसलापुर, 16:50 बजे रायपुर, 18:20 बजे दुर्ग अगले दिन 3 -4 मार्च को पहुंचेगी।

ट्रेन में 1 एसएलआरडी, 4 जनरल कोच, 7 स्लीपर कोच, 5 एसी थ्री कोच, 1 एसी टू कोच, 1 फर्स्ट क्लास एसी सह एसी टू कोच, 1 जनरेटर कम लगेज ब्रेक वैन समेत 20 एलएचबी कोच रहेंगे।

## मां की जमीन व मकान को बेटे ने दोस्त के साथ मिलकर धोखे से बेचा, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मां के जमीन व मकान को बेटा और उसके दोस्त ने मिलकर साजिश के तहत लाखों रुपए का ठगी कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि अमर चौक शर्मा बाड़ा राजातालाब रायपुर निवासी मनोराम भिवंडे का प्रीति विहार के सामने अमलेश्वर में 1420 वर्गफीट में जमीन है। जिसमें मकान बनाई है। पैसे की जरुरत पड़ने पर बेटा प्रवीण भिवंडे और उसका दोस्त पारस प्रसाद केसरी को लोन निकालने के लिये ऋण पुस्तिका,रजिस्ट्री पेपर दिया था। दस्तावेज को फोटो कापी कर वापस देना के लिए बोला गया था। साजिश कर जमीन एवं मकान को पीड़िता के अनुपस्थिति में बगैर जानकारी के विभोर गुप्ता के पास फर्जी तरीका से बेच दिया। 16 जनवरी 2026 को इसकी जानकारी पीड़िता को हुई। विभोर गुप्ता मकान में काम करवा रहा था पूछने पर प्रवीण भिवंडे एवं पारस प्रसाद केसरी ने मकान को बेचना बताया। इस तरह से दोनों ने ठगी किया। पीड़िता ने जिसकी लिखित में शिकायत अमलेश्वर पुलिस से किया गया। दोनों ने मिलकर फर्जी दो इकरारनामा बनाकर ठगी किया। उक्त मकान (संपत्ति) में रेत एवं सीमेंट लाकर निर्माण करने की जानकारी 17 जनवरी को मिली। पुत्र प्रवीण भिवंडे , पारस प्रसाद केसरी ने मिलकर मकान को विभोर गुप्ता से 17 लाख रुपए का इकरारनामा किया। अग्रिम राशि 5.50 लाख नकद अपने पास रख लिए है। उसका इकरारनामा पुत्र प्रवीण भिवंडे, पारस प्रसाद केसरी ने संजना पाण्डेय से 18 लाख में तय कर 7.50 लाख रूपए खाते से प्राप्त किया।



## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त होने पर भृत्य भोला को दी गई विदाई

**दुर्ग।** जिला जनसंपर्क कार्यालय दुर्ग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले भृत्य भोला सिंह यादव अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर जनसंपर्क परिवार द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री यादव वर्ष 1992 से मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम शासकीय सेवा में नियुक्त हुए थे। वर्ष 2002 में छग में राज्य परिवहन बंद किये जाने के बाद वे जनसंपर्क विभाग में सेवाएं दे रहे थे। अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 31 जनवरी को सेवा निवृत्त हुए। विदाई समारोह में श्री यादव अपनी धर्मपत्नी के साथ शामिल हुए। सम्मान स्वरूप उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

### 3.1349 लाख की लागत से होगा विकास कार्य

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर अलका बाघमार द्वारा सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल,लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर के साथ पटरीपार क्षेत्र वार्ड 15 अंतर्गत सिकोला नाला निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह नाला निर्माण कार्य अंधों संरचना मद अंतर्गत स्वीकृत है, जो सिकोला पानी टंकी से करहीडीह बस्ती होते हुए करहीडीह नाला तक किया जाएगा। इस कार्य की स्वीकृत लागत 3.1349 लाख रुपए है। भूमिपूजन कार्यक्रम में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, वार्ड पार्षद युवराज कुंजाम सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। महापौर अलका बाघमार ने भूमिपूजन के दौरान कहा कि सिकोला नाला निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वार्ड क्षेत्र में जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। इससे न केवल नाली-नालों की बेहतर निकासी होगी, बल्कि आम नागरिकों, रहवासियों एवं राहगीरों को आवागमन में भी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, सुरुचि उमरे, ललिता ठाकुर, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, अरुण सिंह, कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, संजय ठाकुर, विकास दमाहे, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, जितेंद्र राजपूत आदि मौजूद थे।

### पानी के नाम पर पिछले 25 साल में 3 लाख की आबादी के लिए 300 करोड़ से ज्यादा का खर्च, फिर भी शहर प्यासा

# 147 करोड़ के अमृत मिशन में गड़बड़ी, नियम विरुद्ध नालियों से गुजारी पाइपलाइन, इधर 5 किमी में पुरानी लाइन ही है बिछी

## पानी के नाम पर चल रहा पैसों की बर्बादी का खेल, शहर के 7 से ज्यादा वार्डों में जलसंकट के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

पेयजल आपूर्ति के नाम पर दुर्ग शहर में पैंसों की बर्बादी हो रही है। पिछले करीब 25 सालों में 300 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जा चुकी है। बावजूद शहर के एक बड़े हिस्से में जल संकट के हालात बने हुए हैं। इतना ही 147 करोड़ की अमृत मिशन योजना में बड़ी लापरवाही और घोटाला सामने आया है। योजना के अंतर्गत पूरे शहर में यानी 60 वार्डों में डीआई पाइपलाइन बिछाई जानी थी, लेकिन मालवीय नगर से शक्तिनगर के बीच पुरानी पाइपलाइन से ही पानी की आपूर्ति हो रही है।

इसे नया बता दिया गया, जबकि कांक्रीट की लाइन गुजरी है। यह लाइन मालवीय नगर से दीपक नगर, अग्रसेन चौक, सिकोलाभाठा, शंकरनगर और सिकोलाभाठा तक गई है। पिछले दिनों टंकी में जलभराव के लिए प्रेशर बढ़ाया गया, तो पाइपलाइन में बड़ा लीकेज सामने आया, जब इसे खोदकर देखा गया, तो पुराने पाइप मिले। इसके बाद बड़ी अनियमितता का खुलासा हुआ है। इतना ही नहीं जो डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जानी थी, उसे नालियों से गुजार दिया गया है, जबकि नालियों से बाहर निकालकर नई पाइपलाइन बिछाई जानी थी। इतना ही नहीं 2031 को ध्यान रखकर यह पूरी कार्ययोजना बनी थी, लेकिन अभी से शहर की आउटर कॉलोनियों और बस्तियों में पेयजल संकट के हालात बन रहे हैं, जिसे देखते हुए नई कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसमें गयानगर में 15 हजार किलोलीटर क्षमता की टंकी और इस टंकी से फिल्टर प्लांट तक नई राइजिंग पाइप बिछाने के लिए करीब 3.21 करोड़ रुपए की स्वीकृति ली गई है। इसकी कार्ययोजना तैयार की गई है।


फाइल फोटो

### नगर निगम दुर्ग ने पिछले 25 सालों पर पानी में किया गया खर्च

**फेस 1** वृहद पेयजल फेस-1 पर करीब 50 करोड़ खर्च किए गए। 7 अप्रैल 1995 को शहर में वृहद पेयजल योजना फेज-1 शुरू हुई। करीब 50 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में शहर के वार्डों में पाइप लाइन के साथ 5 टंकियां बनाई गईं। इनमें शक्तिनगर, शंकर नगर, पद्मनाभपुर, शनिचरी बाजार व फिल्टर प्लॉट की टंकी शामिल है। नदी में इंटकवेल तैयार किया गया था।

**फेस 2** वृहद पेयजल फेस-2 पर 77.95 करोड़ : 77.95 करोड़ रुपए से वृहद पेयजल योजना फेज-2 बना। 7 जनवरी 2016 में 42 एमएलडी का प्लांट व इंटकवेल बनाया गया। बोरसी और बघेरा में 33 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी बनाई गई। पोटिया, कातुलबोड़, सिकोलाभाठा में 25 लाख लीटर क्षमता की टंकियां बनी। 35 हजार घरों में नल कनेक्शन देने का दावा किया गया।

**152 करोड़ का अमृत मिशन प्रोजेक्ट**

वर्ष 2018 जनवरी में शुरू हुआ। करीब 90 करोड़ के कार्य की लागत थी। 5 नई टंकियां ट्रांसपोर्ट नगर, शनिचरी बाजार, गिरधारी नगर, हनुमान नगर व पुलगांव में बनाई गई। वॉटर मीटर भी लगाए गए, लेकिन वॉटर मीटर का उपयोग नहीं हो सका। दो पुराने फिल्टर प्लांट 11 व 24 एमएलडी का मेटेनेंस भी कराया गया। वर्तमान में इन दोनों फिल्टर प्लांट का नए सिरे से मेंटेनेंस कराया जाना है।

### विभागीय जलकार्य समिति की बैठक में पाइप शिफ्टिंग को मंजूरी

पिछले दिनों विभागीय जलकार्य समिति की बैठक हुई। बैठक प्रभारी लीना देवांगन ने ली। बैठक में शहर के अधिकांश क्षेत्रों से नालियों से होकर गुजरी पाइपाइन को शिफ्ट करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके जर्जर राइजिंग पाइप को बदलने के लिए अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा गयानगर से बघेरा मार्ग पर वार्ड-4 में 1.99 करोड़ रुपए की लागत से नई पानी टंकी बनाए जाने की जानकारी दी गई। बैठक में गंजपारा पानी टंकी की सुरक्षा व्यवस्था, टैंकर चालकों की मांग, पन्ना डेयरी के पास मोटर पंप बदलने का कार्य, कुष्ठ आश्रम एवं शिवनगर क्षेत्र में बोरिंग से पाइपलाइन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को विभागीय समिति के समक्ष रखा गया। इसके अलावा किसी भी कॉलोनी में फाइव लाइन जलापूर्ति दी जाए अथवा नहीं, इस विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक साहू, भास्कर कुंडले, गुलाब वर्मा, रेखा बंजारे, उप अभियंता विनोद मांझी, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### दुर्ग निगम हर साल वसूल रहा साढ़े 3 करोड़ से ज्यादा का जलकर

जानकारी के मुताबिक दुर्ग निगम हर साल करीब 3.50 करोड़ रुपए जलकर ले रहा है। आबादी तीन लाख और 48 हजार मकान हैं। वर्तमान में निगम जलकर के नाम पर प्रतिमाह 200 रुपए चार्ज करता है। साल में एक साथ टैक्स के रूप में इसकी वसूली कर रहा है। भागीरथी नल जल योजना के तहत गरीब परिवारों से 60 रुपए चार्ज किया जा रहा है। कमर्शियल शुल्क अलग से तय किया गया है। वर्तमान में दुर्ग निगम ने एनआरडब्लू के तहत हुए एक सर्वे के बाद अब 71 करोड़ रुपए और खर्च करने की तैयारी है। हालांकि इसकी मंजूरी अब तक नहीं मिल पाई है।

### बरती गई अनियमितता होनी चाहिए जांच

कोरोनाकाल के दौरान कार्य एजेंसी ने बड़ी गड़बड़ी की। मालवीय नगर चौक से शक्तिनगर तक करीब 5 किलोमीटर नई डीआई पाइप बिछाया ही नहीं गया है। अभी पाइप फटने की शिकायत के बाद यह जानकारी हुई है। इस मामले में जांच होनी चाहिए। कई जगहों पर नालियों से पाइप गुजारे गए हैं। हम इनके शिफ्टिंग के लिए प्रयास कर रहे हैं। समिति की बैठक में इसे रखा गया। आगामी दिनों में महापौर परिषद से मंजूरी लेकर राज्य शासन को भेजा जाएगा। गड़बड़ी को लेकर महापौर को अवगत कराया गया है।
**-लीना दिनेश देवांगन,** प्रभारी जलकार्य नगर निगम दुर्ग

## महापौर अलका के विशेष दिन को समर्थकों ने किया सैलिब्रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- सीएम सहित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांड़षा मंत्री गजेंद्र यादव ने दी बधाई

निगम महापौर अलका बाघमार को गौरव पथ स्थित उनके निवास में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शनिवार को उनके शुभचिंतकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। केक काटकर इस विशेष दिन के सैलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी भी की गई।



महापौर अलका बाघमार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी मुख्यमंत्री अरुण साव, डिप्टी मुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्यगण नरेंद्र बंजारे, देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, लीना दिनेश देवांगन, पूर्व विधायक अरुण वोरा, आरएन वर्मा, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा सहित अन्य भी पहुंचे। अंत में पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## शासकीय कार्यालयों में अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित प्रशासन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में जिला पंचायत के सभाकक्ष में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे सहित जिला पंचायत के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को नमन किया। इसी क्रम में जिले की सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी, कर्मचारियों ने अमर शहीदों को मौन श्रद्धांजलि दी।



## महात्मा गांधी के बलिदान को किया गया याद, अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

गांधी चौक कैंम्प-1 भिलाई में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में क्रमांक 1 के अध्यक्ष जी. राजू राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के आदर्शों और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया। जिसके बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी1 और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम के धरना प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों ने समर्थन दिया। बलिदान दिवस 30 जनवरी को केंद्र सरकार के गलत नीति के खिलाफ कैंम्प 1 भिलाई में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित जिले के जन प्रतिनिधि शामिल हुए। धरना प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष जी राजू और कोसा नगर ब्लॉक के अध्यक्ष नरसिंह नाथ के नेतृत्व में किया गया। उल्लेखनीय है कि रोजगार योजना का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस के विपक्ष के नेता सांसद नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे भारत में इसका विरोध किया जा रहा है ।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कैंप द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस को मनरेगा बचाओ संग्राम का ब्लॉक स्तरीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन और सांकेतिक चक्का जाम करने के लिए गांधी प्रतिमा जलेबी चौक कैम्प-1 में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। दोनों ब्लॉकों के अध्यक्ष जी राजू और नरसिंह नाथ ने कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नेताओं प्रदेश के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।



## जी-राम जी योजना से सशक्त एवं समृद्ध ग्रामीण भारत के निर्माण की दी जानकारी

**दुर्ग।** जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में जिला पंचायत दुर्ग जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढौर में दीवार लेखन, रैली एवं जन चौपाल, पंपलेट वितरण कार्य किया गया। ग्राम पंचायत ढौर में शासन की जनकल्याणकारी पहल से ग्रामीणों को अवगत कराने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को विकसित भारत जी-राम जी योजना एवं एक्ट, 2025 का पंपलेट वितरण कर जानकारी साझा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम भ्रमण करते हुए प्रभात रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंचायत प्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहे। जन चौपाल में अरदीप ढीढी, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जिला पंचायत दुर्ग ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विकसित भारत जी-राम जी एक्ट, 2025 के प्रमुख प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।




### भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

## वार्ड 46 में डामरीकरण और बिछेगी पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- बेहतर सड़क, पानी और बुनियादी सुविधाओं का मिलेगा लाभ

भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड 46 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार क्षेत्र के प्रियदर्शनी मार्केट में करीब 41 लाख रुपए से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ।

इस अवसर पर वार्ड के अलग-अलग हिस्सों में डामरीकरण कार्य, शर्मा आश्रम, मिलावट पारा एवं कबीर मंदिर चौधरी मोहल्ला में बोर खनन और पाइपलाइन विस्तार कार्यों की विधिवत शुरुआत की गई।

इन सभी विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक देवेंद्र यादव जी के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर देते हुए विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि वार्ड के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और आने वाले समय में विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी। पार्षद के जगदीश कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुए इस भूमिपूजन कार्यक्रम को वार्ड 46 के विकास की दिशा में एक अहम पहल है। इससे आने वाले समय में लोगों को बेहतर सड़क, पानी और बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। भूमिपूजन के दौरान वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### आबादी ज़मीन पर काबिज हितग्राहियों को भी मिलेगा आवास

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सचिव के द्वारा वीसी के माध्यम से निर्देश जारी किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का मिशन मोड़ पर क्रियान्वयन सूचित करने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत 31 अगस्त 2024 के पूर्व प्रचलित आबादी अथवा सुरक्षित आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को उनके साक्ष्य आबादी भूमि का कालातीत, अस्थाई पट्टा, विद्युत देयक रसीद, संपत्ति कर रसीद अथवा समेकित रसीद प्रस्तुत करने एवं भूमि के विवाद मुक्त होने की स्थिति में, संबंधित नगरीय निकाय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 में लाभ दिए जाने हेतु सम्मिलित किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### सर्वधर्म सेवा संस्था ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था भिलाई द्वारा सार्वजनिक मार्गों पर निकलने वाले जुलूसों और शोभायात्राओं के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शनिवार को संस्था के प्रतिनिधिमंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक दुर्ग को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से वर्ष की शुरुआत में ही पूरे वर्ष के लिए पूर्व नियोजित तैयारी किए जाने का सुझाव दिया गया। जिसमें संस्था ने बताया कि यह पहल किसी भी धर्म, जाति या विचारधारा के विरोध में नहीं, बल्कि सार्वजनिक हित में की गई है। संस्था का उद्देश्य आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से मुक्ति दिलाने, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध आवाजाही, शांति, समरसता और कानून व्यवस्था की मजबूती मानव सेवा के साथ राष्ट्र सेवा ज्ञापन में मांग की गई कि सभी धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए पूर्व निर्धारित वैकल्पिक मार्ग, सशक्त सूचना व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पहले से सुनिश्चित किया जाने को कहा ताकि आयोजन भी सुचारु रूप से हों सकें और आम जनजीवन भी प्रभावित न हो। इस अवसर पर संस्था की ओर से प्रतीक भोई, सुरेश खांडवे, राकेश रत्नाकर, घनश्याम पांडे, रघुवंश सैनी, सचिन भोयर, राजकुमार पाटिल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### अवैध प्लॉटिंग की नेता प्रतिपक्ष ने की जांच की मांग

**भिलाई।** भिलाई निगम के वार्ड 13 में अवैध प्लॉटिंग को लेकर नेता प्रतिपक्ष भोजराम सिन्हा ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। सिन्हा ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि निगम का राजस्व विभाग, भवन अनुज्ञा शाखा एवं संबंधित जोन अधिकारी पूरे प्रकरण में प्रभावशाली भूमिका निभाते प्रतीत हो रहे हैं। इससे यह संदेह और गहराता है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1956, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम एवं भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन कर अवैध प्लॉटिंग को वैध स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम जैसे संवैधानिक संस्था में यदि नियमों और कानूनों की अनदेखी कर अवैध गतिविधियों को संरक्षण दिया जाएगा, तो शहरी नियोजन, जनहित एवं नगर के भविष्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों पर कानून सम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि कानून का राज स्थापित हो सके और जनता का विश्वास बहाल हो। जनता यह जानना चाहती है कि जब जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग ही जवाबदेही से बचते दिखाई दें, तो लोकहित की रक्षा कौन करेगा, और जवाब कौन देगा।

### पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत धान खरीदी हुई कम

# जिले में 6914 किसान नहीं बेच पाए धान टारगेट से 58546 मीट्रिक टन कम खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी शनिवार को समाप्त हो गई। दुर्ग जिले में इस बार टारगेट से 58546 मीट्रिक टन कम धान की खरीदी हो पाई। शुक्रवार देर रात तक चली खरीदी के बाद भी 6914 किसान धान नहीं बेच पाए । ऐसा माना जा रहा है कि इस बार सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से शुरूआत में ही धान खरीदी प्रभावित रही। वहीं किसानों को टोकन के लिए जूझना पड़ा। जिसकी वजह से पिछले साल की अपेक्षा धान खरीदी कम हो पाई। पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 की तुलना में इस बार 7 प्रतिशत धान कम खरीदी जा सकी है। पिछले साल 97.12 प्रतिशत धान खरीदी हुई थी। इस बार यह 90.50 प्रतिशत रहा। अब उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव चुनौती बना हुआ है।

## अब प्रशासन के समक्ष धान उठाव की चुनौती



### इस बार 557889.20 मीट्रिक टन धान खरीदी

दुर्ग जिले में 87 सहकारी समितियों के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की गई। जिले में इस साल 616435 मीट्रिक टन धान खरीदने का टारगेट रखा गया था। लेकिन 557889.20 मीट्रिक टन ही धान की खरीदी हो पाई है। इस हिसाब से 58546 मीट्रिक टन धान खरीदी का टारगेट से कम है। देर रात तक धान खरीदी के बाद भी आंकड़ों में ज्यादा परिवर्तन नहीं आ पाया। जिले में धान बेचने के लिए इस बार 113623 किसानों ने पंजीयन करवाया था। जिसमें से 106709 किसानों की ही धान खरीदी हो पाई थी।

### धान का उठाव महज 34 प्रतिशत

धान खरीदी समाप्त हो जाने के बाद अब प्रशासन के समक्ष उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव एक चुनौती होगी। इसलिए कि उपार्जन केंद्रों में ज्यादा समय तक धान रख नहीं सकते। धान की सुरक्षा की दिक्कतें यहां होती रही है। इस स्थिति को देखते हुए पांच संग्रहण केंद्र की भी व्यवस्था की गई है। दुर्ग जिले में अब तक महज 34 प्रतिशत ही धान का उठाव हो पाया है। 138 मिलरों से वर्तमान में धान मिलिंग के लिए अनुबंध हुआ है। अब तक 173853 मीट्रिक टन धान का उठाव मिलरों ने किया है। संग्रहण केंद्रों में 12224 मीट्रिक टन धान भेजा गया है। उपार्जन केंद्रों में 371812.57 मीट्रिक टन धान शेष है।

### बफर लिमिट से ज्यादा धान 95 उपार्जन केंद्रों में

जिले के 95 उपार्जन केंद्रों में धान बफर लिमिट से पार हो गई है। इन केंद्रों में मुख्य रूप से कुर्मीगुंडरा उपार्जन केंद्र है। इस केंद्र 50729 क्विंटल धान का स्टॉक जमा हो गया है। केसरा उपार्जन केंद्र में 60735 क्विंटल धान जमा है। फूडा उपार्जन केंद्र में 60035 क्विटल धान और औंधी उपार्जन केंद्र में 46434 क्विंटल धान जाम है। कोड़िया उपार्जन केंद्र में 45598 क्विंटल धान का उठाव नहीं हो पाया है। जामगांव आर उपार्जन केंद्र में 45335 क्विंटल धान पड़ा है। झीट उपार्जन केंद्र में 46551 क्विंटल धान जमा है।

### चार जिले में 100 प्रतिशत से ज्यादा खरीदी

छत्तीसगढ़ प्रदेश के 33 जिलों में धान खरीदी हुई। खास बात यह है कि पिछले साल की तुलना में प्रदेश के चार जिले में 100 प्रतिशत से ज्यादा धान खरीदी हुई। बस्तर जिले में पिछले साल की तुलना में 101.95 प्रतिशत धान का उपार्जन किया गया है। कोंडागांव जिले में 100.98 प्रतिशत धान की खरीदी की गई है। नारायणपुर जिले में 102.12 प्रतिशत और बलरामपुर जिले में 103.65 प्रतिशत धान खरीदी की गई।

### धान खरीदी पूरी

जिले में धान खरीदी शनिवार को पूरी कर ली गई। जिले में इस बार कुल 90.50 प्रतिशत धान खरीदी की गई है। किसानों ने इस बार रकबा समर्पण ज्यादा किया है इसलिए खरीदी प्रतिशत कम दिखाई दे रहा है। शासन-प्रशासन की सख्ती से बिचौलिए इस बार धान बेचने में सफल नहीं हो पाए।

**-सुनील कुमार वर्मा,** सीईओ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक दुर्ग

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई



**भिलाई।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक 4, भिलाई शहर जिला के तत्वावधान में सेक्टर-6 में श्रद्धांजलि एवं विरोध बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह बैठक भिलाई नगर विधायक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव देवेंद्र यादव और भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के मार्गदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दत्ता के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं ने बैठक में मनरेगा मजदूर योजना में की गई कटौती, योजना का नाम बदलकर उसके मूल उद्देश्य को खत्म करने की मानसिकता तथा प्रदेश में धान खरीदी में की जा रही गंभीर अनियमितताओं की कड़ी निंदा की गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार महात्मा गांधी के नाम पर केवल दिखावा कर रही है, जबकि उनकी विचारधारा के विपरीत गरीबों का हक छीना जा रहा है।बैठक में प्रमुख रूप से सौरभ दत्ता, पूर्व महापौर नीता लोधी, जी. याकूब, पार्षद सेवन ठाकुर, कलाम खान, राहुल शर्मा, राकेश ठाकुर, सतीश कुशवाहा, हबीब, बम सिंह, सतनारायण गुप्ता आदि मौजूद थे।




# ब्लू प्रिंट से 5वीं-8वीं के विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास कराएं : डीईओ

## वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर डीईओ ने ली हेडमास्टरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में पांचवीं व आठवीं केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने दुर्ग व पाटन ब्लॉक के हेडमास्टरों की बैठक ली। बैठक में शासकीय स्कूलों के अलावा अनुदान प्राप्त छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल से सबद्ध अशासकीय गैर अनुदान प्राप्त विद्यालय के प्रधान पाठक भी शामिल हुए। बैठक में परीक्षा आयोजन के संबंध में राज्य से प्राप्त समस्त निर्देशों से अवगत कराया गया तथा समय सीमा में समस्त कार्यों के संपादन हेतु निर्देश दिये गये। जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा ने कहा कि विद्यालय स्तर पर ब्लूपिंट के आधार पर सेंपल प्रश्न पत्रों का निर्माण कर विद्यार्थियों को परीक्षा



### प्रोजेक्ट वर्क के बारे में दिए टिप्स

जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा ने प्रधानपाठकों को बताया कि प्रायोजन कार्य कक्षा पांचवी में 5-6 अंक कुल 10 अंक के दो प्रायोजना कार्य होंगे। कक्षा आठवीं में 10-10 अंक के कुल 20 अंक के दो प्रायोजना कार्य होना है। यह कार्य 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। प्रत्येक विद्यार्थियों के अंकों की सूची तैयार कर 3 मार्च तक विकास खंड शिक्षा

### 25 फरवरी तक ब्लू प्रिंट लिखवाएं

डीईओ मिश्रा ने बैठक में डेड लाइन भी तय की। उन्होने कहा कि 25 फरवरी तक कक्षा पांचवी एवं आठवीं के विद्यार्थियों को ब्लूप्रिंट अनिवार्यतः लिखवाया जाए। ताकि उस अधार पर वे परीक्षा की तैयारी कर सके। किसी भी बच्चे को वार्षिक परीक्षा से वंचित नहीं करने के निर्देश दिये गये।

### हाई व हायर सेकंडरी में नियमित अभ्यास पर जोर

जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा ने हाई व हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को नियमित प्रायोगिक कार्य करवाने की हिदायत दी है। ब्लू प्रिंट के अनुरूप 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल कराने कहा। तिमाही छमाही परीक्षा के आधार पर चिन्हांकित विद्यार्थीयों को सीमित पाठ्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने एवं प्रायोगिक परीक्षा के बाद भी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व तक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के निर्देश भी दिये गये।

### मध्यांह भोजन मीनू के अनुसार मिले

शुक्रवार को जिले के शासकीय प्राथमिक शाला सिकोला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुलसी. खुडमुडी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुडमुडी का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान शालांए संचालित पाया गया। निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक,हायर सेकेण्डरी के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने पर जोर दिया। बारहयाड़ी पहाड़ा पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने तथा नियत समय पर अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिये।

### जनगणना के लिए नियुक्त किए 29 अधिकारी

दुर्ग। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अभिजीत सिंह ने जनगणना-2027 के सफल संपादन हेतु आदेश जारी करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कुल 29 अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिसके अनुसार कलेक्टर अभिजीत सिंह संपूर्ण जिले हेतु प्रमुख जनगणना अधिकारी होंगे। वहीं आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग सुमीत अग्रवाल, आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली मोनिका वर्मा और आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा डी.एस. राजपूत को उनके संबंधित निगम क्षेत्रों हेतु प्रमुख जनगणना अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल को जिला जनगणना अधिकारी तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती कविता एथोनी को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग हरवंश सिंह मिरी आदि को जनगणना अधिकारी बनाया गया है

### सौर ऊर्जा से पाई बिजली बिल से आजादी

**दुर्ग** । बदलती जीवन शैली और विद्युत चलित उपकरणों के प्रयोग में लगातार वृद्धि से बिजली बिल में बढ़ोतरी के बीच हुडको निवासी आकाश झमनानी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम लगवाया है, जिसके बाद पिछले 6 महीनों से उनका बिजली बिल शून्य आ रहा है। श्री झमनानी ने बताया कि बिजली की बढ़ती जरुरत के कारण घर का बिजली बिल लगातार बढ़ रहा था, जिससे वे काफी चिंतित थे। उन्होंने देखा कि उनके पड़ोसी ने सोलर पैनल लगवाए हैं और उन्हें उसका काफी लाभ मिल रहा है।




# सूक्ष्म उद्योगों के समग्र विकास के लिए एक पृथक पॉलिसी लाने की जरूरत : रतन दासगुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- एमएसएमई के सुझाव समिति की प्रथम बैठक

एमएसएमई सुझाव समिति की पहली बैठक उद्योग भवन रायपुर में हुई। बैठक में बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता ने समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर अपने कई सुझाव समिति के समक्ष रखे। उन्होंने स्थानीय उद्योगों के समग्र विकास के लिए एक पृथक पॉलिसी लाने, वर्तमान दर पर लीज रेंट लिए जाने, बिजली दर में छूट, प्रदेश के मध्यम और वृहद उद्योगों द्वारा स्थानीय उद्योगों से खरीदारी करने, नवीनीकरण आवेदन एक माह के भीतर पूर्ण करने तथा नगर निगम द्वारा



निर्यात कर के लिए भेजे गए नोटिस को वापस लेने जैसे कई महत्वपूर्ण सुझाव रखें। श्री दासगुप्ता ने कहा कि छग राज्य स्टील हब के रुप में जाना जाता है, जिसकी मुख्य रीढ़ भिलाई इस्पात संयंत्र है। बीएसपी को उनके मशिनरी में उपयोग आने वाले कल पुर्जे, इक्विपमेंट की आपूर्ति एंसीलरी इंडस्ट्रीज द्वारा किया जाता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों के लिए एक संयुक्त पॉलिसी प्रभावी है। सूक्ष्म उद्योगों के लिए एक पृथक पालिसी लायी जाएं ताकि सुक्ष्म उद्योगों का समग्र विकास व उनकी जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। सूक्ष्म उद्योगों के हित में संशोधन एवं छूट का प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि सूक्ष्म उद्योगों के रक्त संबंधित संगठनात्मक बदलाव पर अगले दस वर्षों तक लीज रेंट वर्तमान दर पर ही ली जाए। सूक्ष्म उद्योगों को स्टाम्प ड्यूटी से मुक्त कर उद्योंगो को दी जाने वाली बिजली की दर में 2 रुपए प्रति यूनिट की छूट प्रदान की जाए।श्री दासगुप्ता ने अनुदान या छूट के ऑनलाइन आवेदनों की वर्तमान स्थिति और वह किस अधिकारी के पास लंबित है, यह आवेदक को ऑनलाइन पोर्टल पर स्पष्ट दिखने की व्यवस्था की जाए। जिन उद्योगों की लीज अवधि पूर्ण हो चुकी है, उनके नवीनीकरण आवेदन का निपटारा 30 दिनों के भीतर करते हुए भिलाई औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट और नालियों की गंभीर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। श्री दासगुप्ता ने कहा कि नगर निगम द्वारा जारी किए जा रहे निर्यात कर जैसे दोहरे करारोपण के नोटिसों को तत्काल निरस्त करने की भी बातें कही। समिति के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों से सहयोग और सभी बिंदुओं पर चर्चा कर उचित निर्णय लेने को कहा, ताकि राज्य के सूक्ष्म उद्योगों को नई गति मिल सके।

03

क्रश को करना इंप्रेस तो इस तरह से हों तैयार, देखकर सामने वाला होगा फिदा

## लाइव इवेंट

## लोककला हमारी सांस्कृतिक आत्मा, ऐसे आयोजन संस्कृति से जोड़ते हैं नई पीढ़ी को



**दुर्ग।** लोक कला महोत्सव अछरा का दो दिवसीय आयोजन वार्ड 53-54 पोटियाकला स्थित दशहरा मैदान में किया जा रहा है। यह अजय उपकार नवयुवक मंडल, अजय सरस्वती मंडली और वार्डवासी पोटियाकला दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोक कला हमारी सांस्कृतिक आत्मा है, और ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखते हुए नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।

- पोटियाकला दशहरा मैदान में अछरा महोत्सव शुरू

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती सृजन और साधना की भूमि है। यहां कलाकारों का अभाव नहीं, बल्कि ऐसी प्रतिभाओं की समृद्ध परंपरा है, जिन्होंने अपनी कला से पूरे देश में छत्तीसगढ़ की अमिट पहचान स्थापित की है। हमारे कलाकार निरंतर अपनी साधना से राष्ट्रीय फलक पर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व महापौर आरएन वर्मा, फतेह सिंह भाटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, परमजीत भूई, इंद्रपाल सिंह भाटिया, पप्पू श्रीवास्तव, बृजमोहन तिवारी, सफी कुरैशी आदि उपस्थित थे।

### यह होंगे आयोजन

आयोजन समिति से अनुरूप साहू ने बताया कि महोत्सव में आदिवासी नृत्य कर्मा, गेंड्री, मांदरी, रामधुनी, रितु वर्मा की पंडवानी, फाग झांकी, नीलकमल वैष्णव का भजन संगीत, जस झांकी एवं नाचा की आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। वहीं भरथरी, लोक नृत्य, जस झांकी, सतनाम भजन, लोक संगीत, हास्य प्रसंग एवं लोकधार की प्रस्तुति दर्शकों को लोक संस्कृति से रूबरू कराएगी।

## सिटी इवेंट

## कुष्ठ की भ्रांतियों को दूर करने समाज की सहभागिता जरूरी : रमेश साहू



**दुर्ग।** महात्मा गांधी के पुण्य तिथि में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन दिवस के अवसर पर जिला कुष्ठ सेवा समिति दुर्ग, सर्व समाज संगठन और पांच बिल्डिंग नागरिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में कुष्ठ उन्मूलन जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके तहत सामुदायिक भवन पांच बिल्डिंग कुष्ठ उन्मूलन में समाज की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संयोजक रमेश साहू, अध्यक्ष जिला सेवा समिति दुर्ग ने कहा कि कुष्ठ एक साधारण रोग है, फिर भी इस रोग के संबंध में भ्रम, भय, अलगांव व घृणा की गलत धारणा व्याप्त है जिसे दूर करने के लिए समाज की जागरूकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तन के कुष्ठ को दवाई से ठीक किया जा सकता है पर मन में व्याप्त कई प्रकार की भ्रांति को दूर करने के लिए समाज की सहभागिता आवश्यक है। छ.ग. सर्व समाज संगठन के महामंत्री लखन लाल साहू ने कहा कि भारत के 797 जिलों में कुष्ठ रोगी है जिसमें 21 वां स्थान छत्तीसगढ़ का है जो चंतनीय है। समाज के सहयोग से ही कुष्ठ उन्मूलन संभव है। पांच बिल्डिंग नागरिक में के अध्यक्ष अनुरूप साहू ने कहा कि कुष्ठ रोग संबंधि फैली भ्रांति को दूर करने के लिए समाज को आगे आना चाहिए। आदिवासी समाज के चन्दूलाल मरकाम ने कहा कि राष्टपिता महात्मा गांधी ने कुष्ठ रोगियों की सेवा को मानवता की सबसे बड़े सेवा कहा। यादव समाज के आरआर यादव ने कहा कि स्वास्थ्य शिक्षा द्वारा समाज में फैली भ्रांति को दूर करने के लिए समाज को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम को लेखराम साहू, धानेश्वर निर्मलकर, चन्द्रहास साव, कृष्णा प्रसाद साहू, भोजराम यादव, सीता साहू आदे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुरूप साहू ने और आभार प्रदर्शन जयंती साहू ने किया।

- राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन दिवस पर सामुदायिक भवन पांच बिल्डिंग में संगोष्ठी का आयोजन

## रक्तदान करने वालों को मिला हेलमेट

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी चरोदा मंडल के अंतर्गत ग्राम उरला में



रक्तदान शिविर ,मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। रक्त दान करने वालों को हेलमेट भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जयसवाल, विश्वकर्मा समिति अध्यक्ष, मडाई मेला का अध्यक्ष हेमराज साहु मौजूद थे। इस दौरान आशीर्वाद ब्लड बैंक के द्वारा ब्लड डोनेशन कैप भी लगाया गया। जिसमें चरोदा मंडल के अध्यक्ष ए गौरीशंकर, महामंत्री द्वय राजेश कुमार मौर्य, पूर्णिमा ठाकुर, परमजीत सिंह, वेद प्रकाश पांडे, श्री श्रीनिवास, समिति अध्यक्ष पूर्व पार्षद रोहित साहू, अवध पटेल, राजू रेड्डी मौजूद थे। मंच का संचालन खिलेश्वर साहू ने किया। ए गौरी शंकर, श्रीनिवास ने रक्तदान किया है।

● भिलाई मंडई का आगाज, संस्कृति, कला और स्वाद का संगम

# छग की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने कलाकारों को मिला मंच, ग्रामीण उत्पादों-हस्तशिल्प की स्टॉलों में उमड़ी भीड़

**भिलाई। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपरा और कला को समर्पित भिलाई मंडई के 10 दिवसीय महोत्सव का भव्य शुभारंभ 30 मार्च को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। यह आयोजन 30 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने और कलाकारों को मंच देने का उद्देश्य रखा गया है। भिलाई मंडई के शुभारंभ अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। वहीं छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, प्रख्यात लोकगायिका और पद्मश्री सम्मानित उषा बारले, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय विशेष रूप से उपस्थित थे।**



### भिलाई मंडई के पहले दिन छत्तीसगढ़ी व्यंजनों

छत्तीसगढ़ी भाषा में मंडई का अर्थ बाजार होता है और इसी भावना को जीवंत करते हुए भिलाई मंडई में छत्तीसगढ़ी संस्कृति, कला, खान-पान, हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। महोत्सव के पहले ही दिन बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर आयोजन को सफल बनाया। भिलाई मंडई के पहले दिन छत्तीसगढ़ी व्यंजनों, हस्तशिल्प, फर्नीचर, सजावटी वस्तुओं और ग्रामीण उत्पादों के स्टॉल्स पर लोगों की खास भीड़ नजर आई। पारंपरिक स्वाद और ग्रामीण शिल्पकला को देखने व खरीदारी करने के लिए लोगों में उत्साह दिखा। आयोजकों के अनुसार, मंडई का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों और ग्रामीण उद्यमियों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ना भी है।

### संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। मंच पर रैंप वॉक, लोकनृत्य और गायन की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को मंच पर जीवंत रूप में देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक देर शाम तक मौजूद रहे। इस महोत्सव के मुख्य आयोजक होमन देशमुख, योगेश अग्रवाल एवं प्रकाश महोबिया हैं। आयोजकों ने बताया कि भिलाई मंडई छत्तीसगढ़ी संस्कृति के उत्थान और लोककलाकारों को स्थायी मंच देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




### फिल्म अवॉर्ड समारोह रहेगा खास आकर्षण का केंद्र

आयोजकों ने बताया कि इस 10 दिवसीय आयोजन में आने वाले दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सबसे बड़ा आकर्षण छत्तीसगढ़ फिल्म अवॉर्ड समारोह रहेगा, जिसमें राज्य की फिल्म एवं कला प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

मंडई मेला का आयोजन

### लोकसंस्कृति और ग्रामीण उद्यम को मिलेगा बढ़ावा

भिलाई मंडई केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि लोककलाकारों, हस्तशिल्पकारों और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त मंच देने का प्रयास भी है। पहले दिन मिली शानदार प्रतिक्रिया और बड़ी उपस्थिति से यह स्पष्ट है कि यह आयोजन आने वाले दिनों में और भी भव्य व यादगार रूप लेगा।

## लीनेस क्लब मौली ने सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों को दी जानकारी



**दुर्ग।** सनशाइन स्कूल में लीनेस क्लब मौली द्वारा स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देने के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बहुत से बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें प्रथम हिमांशी यादव एवं द्वितीय कुसुम लता देव रही। लीनेस क्लब द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहित कर पुरस्कार दिया गया। प्रथम और द्वितीय को स्मृति चिन्ह मोमेंटो से सम्मानित किया गया। लीनेस क्लब की सभी सदस्यों का सहयोग रहा। स्कूल की प्राचार्या नम्रता नागर ने कहा कि बच्चों को ट्रैफिल रूल्स की जानकारी होना आवश्यक है। स्कूल के संपूर्ण स्टाफ व बच्चों की उपस्थिति से भरपूर सहयोग मिला। सभी बच्चों ने यातायात के नियमों की जानकारी पाई और उनका ध्यान रखते हुए गाड़ी चलाने का संकल्प लिया एवं इसी श्रृंखला में अन्न दान का भी कार्यक्रम लीनेस क्लब के द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने कई जरूरतमंद परिवारों को अन्न दान दे करके सहायता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में लीनेस क्लब सदस्य मीना, दीप्ति, माया, वंदना, विमला आदि मौजूद थे।

## बाबा ताजुद्दीन के जन्मदिन पर तकरीर और लंगर में जुटे अकीदतमंद, की गई दुआएं

**भिलाई।** हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्ला अलैहि के भिलाई स्थित आस्ताने पर बाबा का 165 वां यौम ए पैदाइश (जन्मदिन) मनाया गया। इस दौरान बाबा ताज के आमद की खुशियां मनाते हुए केक काटा गया, जिसेमे वहां मौजूद सभी अकीदतमंदो एवं जायरीनों में तक्सीम किया गया। हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की अध्यक्षा ताज अंजुम ताजी ने औरतों की तकरीर भी रखी, जिसमें सिमगा की आलिमा शहाना कादरी नूरी बरकाती ने बाबा ताजुद्दीन की शख्सियत और उस दौर में सभी इंसानों के बीच समाज मे लड़कियों (बेटियों) को शिक्षित बनाने और शिक्षा को बढ़ावा देने की जानकारी दी। आलिमा की तकरीर सुनने आई ख़्वातीनो को दीन-दुनिया की बातें बताई गई साथ ही मजहब के नाम पर नफरत फैलाने वालों के लिए यह पैगाम दिया गया कि भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जिसमें सभी तरह के मजहब फूलों की तरह सजे हुए हैं। इसलिए भारत को एक खूबसूरत गुलदस्ता बनाए रखने के लिए सभी मजहब का एक साथ मिलकर रहना बेहद जरूरी है। तकरीर के बाद बाबा ताज के आस्ताने चादरपोशी की रसम अदा की गई और फिर मुरीदों की तरफ से लाई गई फूलों की चादर भी पूरे अक़ीदत के साथ पेश की गई। वहीं बाबा को लोभान पेश की गई बाद इसके तमाम लोगों में तकसीम किया गया। लंगर और फातिहा ख्वानी में भी बड़ी तादाद में अकीदतमंद जुटे। सभी ने मुल्क में अमन व भाईचारा कायम रहने की दुआएं की। अध्यक्ष हज्जन बदरून्निसा ताजी एवं गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी सहित तमाम लोगों ने खैर ओ बरकत की दुआएं मांगी।



## महिला जागृति शिविर में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक

# बच्चों का मुंह मीठा कर किया अन्नप्राशन संस्कार गोदभराई रस्म कर गर्भवती को दिया सुपोषण की टोकरी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ग्राम खांडा में एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के तत्वावधान में आयोजित महिला जागृति शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह शिविर महिलाओं, माता और शिशु स्वास्थ्य के पोषण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



### पारंपरिक खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों का हुआ आयोजन

साथ ही अन्नप्राशन संस्कार के तहत छोटे बच्चों का मुंह मीठा किया गया एवं गोदभराई रस्म के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्हें पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा महिला सशक्तिकरण और बाल विकास हमारे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। महिला जागृति शिविर का यह आयोजन क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के लिए एक नया जीवन प्रदान करेगा। इस अवसर पर दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य यामिनी साहू , ग्राम सरपंच नंदकुमार साहू , उपसरपंच लीलाधर साहू, परियोजना अधिकारी उषा झा, पर्यवेक्षक रेखा लोनारे, प्रमिला वर्मा, शशि रैदास, चंद्रकाल वर्मा, सोनल सोनी, गीतांजलि तृप्ति शर्मा, ममता साहू सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आयोजन

### निः शुल्क चिकित्सा और अनुभवी डॉक्टर देंगे परामर्श

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर 6 भिलाई जिला दुर्ग पंजीयन क्रमांक 5716 के तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श समाज के वरिष्ठ अनुभवी डॉक्टर के द्वारा हर माह के प्रथम रविवार को दोपहर 12 से 1 बजे किया जाता है। इसी कड़ी में फरवरी के पहले रविवार को यानी आज यह चिकित्सा शिविर सर्व समाज के लिए आयोजित सतनाम भावन सेक्टर 6 में आयोजित किया गया है। समाज के सदस्यों ने बताया कि कोई भी जरूरतमंद इस शिविर में आकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

### ट्विनसिटी के प्रमुख चौराहों पर पुलिस बीट बढ़ाने से समाज खुश

**भिलाई।** आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन भिलाई



छत्तीसगढ़ के संयोजक और रायपुर मण्डल के पूर्व रेल्वे उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य के. उमाशंकर राव ने छत्तीसगढ़ राज्य के पुलिस विभाग के डीआईजी और एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा ट्वीनसिटी भिलाई के प्रमुख चौराहों पर पुलिस बीट बढ़ाया जाने का स्वागत करते हुए आभार जताया और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## सिटी इवेंट

# मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल से बच्चों को पढ़ाई का सहारा

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के सोनी परिवार के बच्चों की पढ़ाई अब नहीं रुकेगी।



शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल से शासन द्वारा बच्चों को 18 वर्ष की उम्र तक उनके परवरिश और पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। सोनी परिवार के बच्चों के माता-पिता के निधन के बाद उनकी दादी सरस्वती सोनी ही बच्चों की देखभाल कर रही हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चों की पढ़ाई में परेशानी आ रही थी। इसी समस्या को लेकर दादी सरस्वती बच्चों के साथ शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के गंजपारा स्थित कार्यालय पहुंचीं और बच्चों की परवरिश और पढ़ाई से संबंधित अपनी बात रखी। मंत्री गजेंद्र यादव ने इस विषय को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को उक्त योजना का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया। सरस्वती सोनी ने बताया कि 9 वर्षीय चिराग सोनी और 13 वर्षीय आराध्या सोनी के पालन पोषण और पढ़ाई का खर्च उठाना उनके लिए कठिन हो रहा है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुना और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तुरंत शासन को बच्चों की शिक्षा हेतु छत्तीसगढ़ शासन की मिशन वात्सल्य योजना से बच्चों को लाभ दिलाने पत्र लिखा है। शासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चिराग और आराध्या दोनों को 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा सहायता देने का निर्णय लिया गया। इसके तहत दोनों बच्चों को प्रति माह 4-4 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

■ भारत सरकार द्वारा संचालित एकीकृत बाल संरक्षण मिशन वात्सल्य योजना का बच्चों को मिला लाभ

## धर्म लाइव

# देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के शहादत को किया याद

**दुर्ग।** डीएवी मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल आर्यनगर में गणतंत्र



दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिवसंतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे तथा समिति के पदाधिकारी अवधराम चन्द्राकर एवं डीएव्ही मॉडल कॉलेज की प्राचार्या व प्राध्यापकगण मुख्य रूप से उपस्थित थे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण नारा लगाए। राष्ट्रगान के पश्चात परेड के माध्यम से अतिथियों को सलामी दी गई। शिक्षिकाओं छत्तीसगढ़ के राजगीत अरपा पैरी की धार की सुमधुर प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विनीत बंसल ने अपने उद्बोधन में देश के उन वीरों तथा बुद्धजीवी वर्ग को याद किया जिन्होंने संविधान का निर्माण कर लोगों के हृदय में उत्साह, पारस्परिक सहयोग, भाईचारा, स्वाभिमान की भावनाओं के माध्यम से एकसूत्र में बांधने का अद्भुत प्रयास किया। देश के उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के शहादत को याद किया जिनके योगदान के कारण हम देश में अमन, चैन की सांस ले रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रायमरी के विद्यार्थियों के द्वारा देशभक्ति पूर्ण गीतों पर समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। मिडिल की छात्रा के द्वारा गिटार पर सुमधुर देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। संस्था की प्राचार्या रम्मी सिंह ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कार्यक्रम मैं आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ के साथ हुआ।

## समाज इवेंट

# महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**भिलाई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोसनाला (सुपेला) के तत्वाधान में डॉ. राजेंद्र प्रसाद चौक सुपेला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बलिदान दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। गांधी जी के शहादत दिवस पर महात्मा गांधी के आदर्शों और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य रूप से मुकेश चंद्राकर जी, अध्यक्ष (भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी ), साडा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह , पूर्व महापौर नीता लोधी, एमआईसी सदस्य आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गवई पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप अमित जैन युवा कांग्रेस शोयब मो खान , फारुख खान मोहम्मद रफीक संजीत चक्रवर्ती अमीर अहमद पीएल बोस विनोद यादव राजेंद्र महिलांग हीरा शंकर साहू इस्माइल खान बलदाऊ पिपरिया कन्हैया चूरहे दुर्गेश ताम्रकर लादूराम सिन्हा किशन यादव, रूपचंद नरेन्द्र पिपरोल दिनेश वासनिक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन श्रद्धांजलि सभा उपस्थित रहे।

# महोत्सव में चैतन्य महाप्रभु का संकीर्तन

**दुर्ग।** शिक्षक नगर स्थित इस्कॉन में नित्यानंद त्रयोदशी महा महोत्सव



का आयोजन किया गया। इस्कॉन के प्रभारी अनंत श्याम दास ने नित्यानंद त्रयोदशी महा महोत्सव की जानकारी देते कहा कि यह पर्व महाप्रभु नित्यानंद के प्रकट होने पर मनाया जाता है, जो कि स्वयं बलराम के स्वरूप हैं, जो चैतन्य महाप्रभु के हरिनाम संकीर्तन आंदोलन के सहयोगी थे। नित्यानंद त्रयोदशी भगवान गौर निताई का महाअभिषेक, 108 महाभोग, कथा, कीर्तन एवं महाप्रसाद आयोजन किया गया। नित्यानंद त्रयोदशी महा महोत्सव में के वरिष्ठ भक्त षड्भुज गौर अध्यक्ष, इस्कॉन अयोध्या का आगमन हुआ। इस कार्यक्रम विशेष अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

● हरि नाम में लीन हुए श्रद्धालु, स्वामी अतुलेशानंद महाराज ने सुनाया प्रहलाद चरित्र

# जब मनुष्य का विश्वास ईश्वर में अटल हो तब संकट उसे डिगा नहीं सकता : तुलेशानंद

दुर्ग। जिला दुर्ग के ग्राम भेड़सर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का दिव्य आयोजन इन दिनों पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। गुरुदेव कन्नौज पीठाधीश्वर स्वामी अतुलेशानंद महाराज के पावन मुखारबिंद से प्रतिदिन कथा रसपान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्त प्रहलाद चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण, प्रेरणादायक और हृदयस्पर्शी वर्णन किया गया। स्वामी ने प्रहलाद की बाल अवस्था से लेकर उसके दृढ़ संकल्प, अडिग विश्वास और भगवान श्रीहरि के प्रति अखंड भक्ति का वर्णन करते हुए बताया कि जब मनुष्य का विश्वास ईश्वर में अटल हो जाता है, तब संकट भी उसे डिगा नहीं सकता।



### प्रहलाद की भक्ति और सत्य के मार्ग का दिया संदेश

स्वामी अतुलेशानंद महाराज ने कथा प्रसंग के माध्यम से बताया कि भक्त प्रहलाद ने बाल्यकाल में ही भगवान विष्णु की भक्ति को जीवन का आधार बना लिया था। उसके पिता हिरण्य कश्यप ईश्वर विरोधी था और स्वयं को ही भगवान मानता था, लेकिन प्रहलाद ने अपने पिता के आदेशों और अत्याचारों के बावजूद भगवान श्रीहरि का नाम नहीं छोड़ा। स्वामी जी ने कहा कि प्रहलाद का चरित्र आज के समय में भी हमें यह सिखाता है कि सत्य, धर्म और भक्ति का मार्ग कठिन जरूर होता है, लेकिन अंततः विजय उसी की होती है जो ईश्वर पर विश्वास रखता है। कथा में बताया गया कि हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को अनेक प्रकार से कष्ट दिए, उसे मारने के प्रयास किए, लेकिन भगवान की कृपा से प्रहलाद हर बार सुरक्षित रहा। स्वामी ने बताया कि जब भक्त का मन भगवान में स्थिर हो जाता है, तब संसार की कोई भी शक्ति उसे हरा नहीं सकती। उन्होंने कहा कि प्रहलाद की भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह जीवन में धैर्य, संयम और सत्य के पालन का प्रतीक थी।



### कथा स्थल पर बना भक्ति का माहौल

कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग सभी कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक प्रतीत हो रहा है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और हरि नाम संकीर्तन से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। इस पावन आयोजन के यजमान परिवार गोमती बाई, मोहनलाल देशमुख, चंद्रकली, केदारनाथ, नारायणी, वेद प्रकाश तथा गजेंद्र, साहिल और हिमांशी ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से कथा में आकर धर्म लाभ लेने का हार्दिक आमंत्रण दिया है। यजमान परिवार ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र में धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं की सहभागिता आवश्यक है।

## रजत जयंती का उल्लास

# समय पर बिजली बिल पटाने वाले 20 उपभोक्ता और सोलर मित्र हुए सम्मानित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र द्वारा ग्राम मोहलाई में वितरण केंद्र स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उत्कृष्ट उपभोक्ताओं और सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन थी। अध्यक्षता ग्राम पंचायत मोहलाई के सरपंच डॉ. नरेंद्र निषाद ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान वितरण कंपनी ने विद्युत सेवाओं और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए कई श्रेणियों में सम्मान प्रदान किए। विभाग के 5 सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनकी दीर्घकालीन सेवाओं के लिए शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। पिछले दो वर्षों से लगातार समय पर बिजली बिल का भुगतान करने वाले 20 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इनमें बीपीएल, घरेलू, गैर-घरेलू और कृषि पंप श्रेणी के उपभोक्ता शामिल थे।



कार्यक्रम में पर्यावरण अनुकूल बिजली के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्र के प्रथम 5 सोलर कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मोहलाई और आसपास के गांवों के ग्रामीण व विद्युत उपभोक्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। विभाग की ओर से सहायक अभियंता बघेरा उप संभाग अविनाश दुबे, कनिष्ठ अभियंता उत्तम सोनी बघेरा, शैलेश पाटले नगपुरा और नितिन देशमुख बोरी सहित बघेरा वितरण केंद्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल राज्य स्थापना के 25वें वर्ष का उत्सव था, बल्कि विभाग और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी रहा।

## मेहर समाज में नियुक्ति

# अनिल मनहरे बने छत्तीसगढ़ के महासचिव, सम्मानित हुए



**दुर्ग।** पश्चिम बंगाल कलकत्ता के क्रांतिकारी धरती बैरकपुर के धर्मतल्ला में अखिल भारतीय अनुसूचित हेला जातीय महापरिसंघ, के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संतोष राज हेला, रमेश प्रसाद हेला ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के दुर्ग शहर निवासी श्री अनिल मनहरे को छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया है। अखिल भारतीय अनुसूचित हेला जातीय महापरिसंघ, द्वारा देश भर के समस्त प्रदेशों में मेहतर समाज को संगठित करने का कार्य कर रहे हैं है। देश के विभिन्न प्रदेशों में मेहतर समाज के लोग अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं जो शासन प्रशासन के माध्यम से शहर की सफाई और गंदगी साफ करने के कार्य में लगे हुए। ऐसे समाज का ना तो विधायक है और ना ही वार्ड मेबर या कोई प्रतिनिधि जो उनकी समस्या और दर्द को समझ सकें। आज विभिन्न प्रदेशों में साफ सफाई के कार्य में लगे समाज के लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है उस समाज को शिक्षा और रोजगार से वंछित रखा जा रहा है। इस संबंध में इनकी चिन्ता करने वाला कोई नहीं है। मेहतर समाज हेला, मखीयार, वाल्मीकि, डोमार ये चार के अलावा अन्य प्रकार के समाज में पहले ही बंटे हुए हैं, तो अखिल भारतीय अनुसूचित हेला जातीय महापरिसंघ, पश्चिम बंगाल देश के समस्त प्रदेशों में इन समाज के लोगों को एकजुट करने का काम कर रहे हैं। ताकि समाज अपनी ताकत बढ़ा सके और अपनी बात शासन तक पहुंचा सके। शिखर सम्मेलन में पश्चिम बंगाल में मेहतर समाज से 14 संगठन शामिल हुए। पश्चिम बंगाल के इस सम्मेलन में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली से मेहतर समाज के लोग शामिल हुए। बिलासपुर के सुरेश बैरिया जी को छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्ति दी है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष राज हेला, पश्चिम बंगाल के प्रदेश अघक्ष रमेश प्रसाद हेला, एस टी, एससी, ओबीसी मायनिरिटी के अध्यक्ष आनंद दा, दिल्ली के मनीष पंचाल, झारखंड के उमाशंकर परिहार, ममता परिहार, महाराष्ट्र से अमर राज, मांजरे, संजय मांजरे, हरीश नक्के, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अमित बंछोर सहित अन्य मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान में समारोह का आयोजन

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी के 71 कर्मचारियों को भावभीनी विदाई, अपने अनुभवों को किया साझा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जनवरी माह 2026 में कुल 71 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 5 सदस्यों सहित 9 कार्यपालक व 57 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की।

निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से उनके अनुभव और सुझाव आमंत्रित किए, जिन पर निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशकों ने विस्तार से चर्चा की। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने अपने कार्यकाल की यात्रा साझा करते हुए अनुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक माइंस सीएमएलओ कमल भास्कर तथा कार्यपालक निदेशक रावघाट) सीएमएलओ अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. के ठाकुर उपस्थित थे।



### भिलाई स्टील प्लांट के कार्यकारी कार्यपालक को दी विदाई

वहीं भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तुषार कांत, महाप्रबंधक प्रभारी मानव संसाधन-गैर संकार्य जेएन ठाकुर और उप महाप्रबंधक मानव संसाधन-एससीसीए राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

### ठेठवार यादव समाज का 33वां वार्षिक मिलन समारोह आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज ठेठवार (यादव) समाज भिलाई नगर का 33वां वार्षिक मिलन समारोह, यादव दर्पण 2026 पत्रिका का विमोचन, पारिवारिक सम्मेलन और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 1 फरवरी को सुबह 9 बजे से ठेठवार सदन, प्रगति नगर, रिसाली, भिलाई में किया गया है। समाज के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यदु ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। अध्यक्षता मधुसूदन यादव पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर राजनांदगांव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, देवेन्द्र यादव विधायक भिलाई नगर, गुलेन्द्र यादव प्रान्ताध्यक्ष राजिम महासभा, पुष्पा भुनेश्वर यादव पूर्व अध्यक्ष जिपं. दुर्ग, सीमा यादव जपं. छुरिया, जागृति यदु जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव, निशा देवेन्द्र यादव पूर्व जोन अध्यक्ष नगर पालिक निगम रायपुर, विपिन यादव अध्यक्ष कांग्रेस राजनांदगांव ग्रामीण, राजेश यादव पूर्व सभापति नगर पालिक निगम दुर्ग आदि मौजूद रहेंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## संगीत के दिग्गजों के लिए बज गई ग्रैमी की घंटी, इंतजार की घड़िया खत्म

ग्रैमी अवॉड्र्स के नॉमिनेशन काफी वक्त पहले हो चुके हैं। फरवरी महीने में यह अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड संगीत जगत से जुड़े कई लोगों को लांस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में दिए जाएंगे। 68वें ग्रैमी अवॉड्र्स 1 फरवरी रविवार को टेलीकास्ट होंगे। यह अवॉर्ड फंक्शन रात 8 बजे से शुरू होगा और 11.30 बजे (अमेरिका के समयानुसार) तक चलेगा। यह यूट्यूब और ग्रैमी अवॉड्र्स की वेबसाइट पर लाइव स्ट्रीम होंगे। वैसे यह अवॉर्ड फंक्शन सीबीएस (ब्रॉडकास्टर) पर भी टेलीकास्ट होंगे।



साल 2026 के ग्रैमी अवॉर्ड को देखने के लिए भारतीय दर्शकों को एक दिन का इंतजार करना होगा। भारत में इसे 2 फरवरी 2026 (सोमवार) सुबह 6:30 बजे से जीयो हॉटस्टार पर लाइव देखा जा सकता है। इस बार अवॉर्ड फंक्शन को कॉमेडियन ट्रेवर नोआ होस्ट करेंगे, वह आखिरी बार ग्रैमी को होस्ट करने वाले हैं।

इस साल अमेरिकन रैपर केंड्रिक लैमर नौ नॉमिनेशन के साथ सबसे आगे हैं। सिंगर लेडी गागा, जैक एंटोनॉफ और सर्कट (हेनरी वाल्टर) सात नॉमिनेशन के साथ केंड्रिक के ठीक पीछे हैं। जबकि बैड बनी, सबरीना कारपेंटर और लियोन थॉमस को छह नॉमिनेशन मिले हैं। देखना होगा कि इनमें से कौन ग्रैमी अवॉर्ड अपने नाम करता है। जल्द ही दुनिया भर के संगीत जगत के कई दिग्गज कलाकारों को ग्रैमी अवॉर्ड दिए जाएंगे।

### टॉलीवुड

## राजामौली की 'वाराणसी' के लिए करना होगा अब अप्रैल तक इंतजार



महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वाराणसी' के एक खास पोस्टर के साथ राजामौली ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। सिनेमाघरों में प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू की फिल्म 'वाराणसी' अब देख सकेंगे।

राजामौली ने आज अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'वाराणसी' का एक पोस्टर शेयर किया, जिसमें लिखा है 'वाराणसी' और आग की लपटों से लिखा है नंबर 7। इसके एक तरफ लिखा है अप्रैल और दूसरी तरफ लिखा है 2027। इस पोस्टर के साथ राजामौली ने फिल्म की आधिकारिक घोषणा करते हुए कैप्शन में लिखा, ''वाराणसी', 7 अप्रैल, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'

'वाराणसी' में प्रियंका चोपड़ा, महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म के टाइटल की आधिकारिक घोषणा पिछले साल नवंबर में हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित भव्य ग्लोबट्रॉटर कार्यक्रम में हुई थी। कथित तौर पर इस फिल्म का बजट लगभग 1300 करोड़ रुपये है। वाराणसी के हैदाराबाद कार्यक्रम के दौरान महेश बाबू ने कहा था, 'मैं अपने फैंस के प्यार के लिए उनका आभारी हूं। मेरे पिताजी हमेशा चाहते थे कि मैं पौराणिक फिल्में करूं क्योंकि उनका मानना था कि ये मेरी पर्सनैलिटी को सूट करेगा। मैंने तब उनकी बात नहीं मानी थी। आज वे आसमान से मुझे आशीर्वाद दे रहे होंगे।'प्रियंका ने कार्यक्रम में कहा था, 'इतने बड़े पैमाने की तेलुगू फिल्म का हिस्सा बनकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। यह वो धरती है जहां सिनेमा एक उत्सव है। अपने प्यारे भारत में इस फिल्म की शूटिंग करके मैं बहुत खुश हूं। मैंने पहले भी कहा है और फिर कहूंगी। ऐसे महान दिग्गजों के साथ काम करने का मौका पाकर मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं।'

### छॉलीवुड

## नितिन बने यूट्यूब पर 500 मिलियन व्यूवरशिप पूरा करने वाले सिंगर

छत्तीसगढ़ के गायक,संगीतकार और अभिनेता नितिन दुबे ने नया रिकॉर्ड बनाया है। यूट्यूब पर अपने चैनल नितिन दुबे ऑफिशियल पर उन्होंने 500 मिलियन से भी ज़्यादा व्यूवरशिप पूरी कर ली है। इस तरह का अनूठा रिकार्ड बनाने वाले वह छत्तीसगढ़ के इकलौते स्वतंत्र गायक हैं। इस से पहले भी नितिन दुबे छत्तीसगढ़ी संगीत जगत में कई रिकॉर्ड बना चुके हैं। सबसे ज़्यादा सब्सक्राइबर वाले सीजी सिंगर - 11 लाख से ज़्यादा सब्सक्राइबर के साथ सीजी सिंगर्स में नितिन दुबे सबसे ज़्यादा सब्सक्राइबर वाले सीजी सिंगर हैं। अमेरिका के तरफ से पहला गोल्डन प्ले बटन पाने वाले पहले सीजी सिंगर - वर्ष 2024 में 16 जून को नितिन दुबे को यूट्यूब अमेरिका के तरफ से पहला गोल्डन प्ले बटन एवार्ड मिला था, छत्तीसगढ़ी सिंगर्स मे नितिन दुबे पहले सिंगर हैं जिन्हें गोल्डन प्ले बटन एवार्ड मिला। यूट्यूब पर पिछले 5 वर्षों से लगातार सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले इंडिपेंडेंट सीजी सिंगर - नितिन दुबे 2021 से लगातार अपने इंडिपेंडेंट चैनल के माध्यम से सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले सीजी सिंगर बने हुए हैं, यूट्यूब हर वर्ष के अंतिम में आर्टिस्ट रिकैप रिपोर्ट जारी करता है। जिसके अनुसार लगातार 5 वर्षो से अपने निजी चैनल पर नितिन दुबे सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले सीजी सिंगर है इसी कारण उन्होंने अब 500 मिलियन व्यूवरशिप पूरा कर लिया है। नितिन दुबे ने वर्ष 2021 में रायगढ़ वाला राजा गीत रिलिज़ किया था जिसके यूट्यूब पर 2 ऑफिशियल वीडियो रिलिज़ किए गए दोनों को मिलाकर 75 मिलियन व्यूवरशिप इस गीत को अब तक प्राप्त हो चुका है,छत्तीसगढ़ी मेल सोलो सॉन्ग में ये अब तक का सबसे ज़्यादा देखे जाने वाला गीत है।



## ओवरसाइज्ड फिट्स





रिलैक्स्ड फिट वाली हुडीज़, स्वेटशर्ट्स और टी-शर्ट्स आजकल बहुत चलन में हैं। यूरोपियन और भारतीय फैशन के मेल को देखते हुए आज बहुत से ब्रांड ट्रेंडी ऑप्शन देते हैं। टी-शर्ट, हुडी और ड्रेसेस पर बोल्ड स्लोगन और मज़ेदार ग्राफ़िक्स भारत में जेन जेड के बीच बहुत पॉपुलर हैं। ज्यादातर ब्रांड्स के इन-हाउस लेबल ट्रेंडी टाइपोग्राफी-प्रिंटेड कपड़ों की एक बड़ी रेंज पेश करते हैं।

## एक्ने प्रोन स्किन की देखभाल करने के टिप्स जानें

त्वचा पर हो रहे मुंहासों की वजह से आप परेशान हैं और आपके लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि स्किन केयर रूटीन में किसी चीज को शामिल करें और किसे नहीं, तो एक बार ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन द्वारा बताए गए टिप्स को ट्राई करके देखें। टी ट्री ऑयल एंटी फंगल होता है। यह संक्रमण फैलाने वाले रोगाणुओं का खात्मा करता है। इसमें एंटी इंफ्लामेटरी गुण होते हैं। मुंहासों की वजह से अगर त्वचा पर सूजन आ गई है, तो भी टी-ट्री ऑयल आपके लिए फायदेमंद होगा। आप शहद या एलोवेरा जेल में केवल 2 बूंद टी-ट्री ऑयल को मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। इससे आपकी त्वचा को बहुत फायदे पहुंचेंगे। एलोवेरा जेल को आप त्वचा पर डायरेक्ट न लगाएं बल्कि आप दूध या गुलाब जल के साथ मिक्स करके इसे चेहरे पर लगाएंगी तो मुंहासों की समस्या में आपको राहत मिल जाएगी। मुंहासों की वजह से यदि आपके चेहरे पर सूजन है, तो वह भी इस नुस्खे से दूर हो जाएगी। ग्रीन-टी के पानी में गुलाब जल मिक्स करें और इसे स्प्रे बॉटल में भर लें। फिर आप इस मिश्रण को फेशियल टोनर की तरह चेहरे पर इस्तेमाल करें। इससे चेहरे की सूजन भी कम होगी और मुंहासों को सूखने में भी मदद मिलेगी।



### स्किनकेयर रूटीन

नियमित सफाईः दिन में दो बार एक सौम्य माइल्ड फेस वॉश का उपयोग करें जो गंदगी और अतिरिक्त तेल को हटा सके। धूल और प्रदूषण से होने वाले बैक्टीरिया मुंहासों का मुख्य कारण होते हैं। सही उत्पाद का चुनावः केवल 'नॉन कोमेडोजेनिक' (जो रोमछिद्रों को बंद न करे) और ऑयल-फ्री उत्पादों का ही उपयोग करें।

**एक्टिव सामग्रीः** सैलिसिलिक एसिड या नियासिनमाइड युक्त क्लींजर या सीरम का प्रयोग करें, जो तेल को नियंत्रित करने और सूजन कम करने में मदद करते हैं। सनस्क्रीन न भूलेंः धूप से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ऑयल-फ्री सनस्क्रीन का उपयोग करना अनिवार्य है।

### जीवनशैली और आदतें

चेहरे को बार-बार न छुएंः हाथों के बैक्टीरिया चेहरे पर जाकर पिंपल्स बढ़ा सकते हैं। साथ ही, पिंपल्स को कभी भी फोड़ें नहीं। स्वच्छताः अपना तौलिया और तकिये का कवर नियमित रूप से बदलें और उसे दूसरों के साथ साझा न करें। तनाव और नींदः पर्याप्त नींद लें और तनाव कम करने के लिए योग या प्राणायाम करें, क्योंकि तनाव भी एक्ने को ट्रिगर करता है।

### आहार

हाइड्रेशनः शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने और हार्मोनल संतुलन बनाए रखने के लिए खूब पानी पिएं। परहेजः अधिक शर्करा, डेयरी उत्पाद और हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थों (जैसे सफेद ब्रेड) का सेवन कम करें। विटामिन एः अपने आहार में पालक, गाजर और पपीता शामिल करें, जो त्वचा की कोशिकाओं के पुनर्जनन में मदद करते हैं।

घरेलू उपचार

**नीमः** एंटीबैक्टीरियल गुणों के लिए नीम का पेस्ट या नीम के पानी का उपयोग किया जा सकता है।

## क्रश को करना इंप्रेस तो इस तरह से हों तैयार, देखकर सामने वाला होगा फिदा



साल के दूसरे महीने यानी कि फरवरी में वैलेंटाइन डे आता है, जो हर प्रेमी जोड़े के लिए काफी खास होता है। इस खास दिन को और खास बनाने के लिए कपल्स एक-दूसरे को तोहफा देते हैं, और उन्हें उनके खास होने का एहसास कराते हैं। वैलेंटाइन डे तो 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन से ठीक एक हफ्ते पहले यानी कि 7 फरवरी से वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो जाती है। वैलेंटाइन वीक का हर दिन बेहद खास होता है। इन सात दिनों में आप अपने पार्टनर को उनके स्पेशल होने का एहसास करा सकते हैं।

खास तौर पर अगर आप किसी को पसंद करती हैं, तो वैलेंटाइन वीक शुरू होने से पहले अपने क्रश को इंप्रेस कर सकती हैं। बहुत सी लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो क्रश के सामने कैसे जाएं, तो इसके लिए हम आपको आइडिया देने जा रहे हैं, ताकि क्रश के सामने भी आपका आत्मविश्वास बना रहे।

### सादगी भरा लुक रखें

ज्यादातर लड़कों को लड़कियों का सादगी भरा लुक ही पसंद आता है। ऐसे में अपने क्रश के सामने हमेशा सादगी भरे लुक में ही जाएं। खासतौर पर अगर आप अपने क्रश के साथ पहली बार कहीं घूमने जा रही हैं, तो अपने लुक का खास ध्यान रखें।

### भड़कीले कपड़ों से रहें दूर

ज्यादा भड़कीले कपड़े आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में कोशिश करें, कि ज्यादा चमक-धमक या चमकीले कपड़ों से दूर ही रहें। उनकी जगह आप थोड़ा सिंपल कपड़ों को चुन सकते हैं।

आरामदायक कपड़ों को दें प्राथमिकता

अपने क्रश के सामने कभी ऐसे कपड़े पहनकर ना जाएं, जिसे पहनकर आप खुद असहज हों। कपड़े हमेशा ऐसे होने चाहिए, जिसे पहनकर आपको किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

### अपने व्यक्तित्व का रखें ध्यान

अगर आप अपने व्यक्तित्व के विपरीत जाकर किसी को इंप्रेस करने के लिए तैयार होंगी, तो ये आपके लिए भी खराब हो सकता है। ऐसे में क्रश को इंप्रेस करने के लिए तैयार तो हों, लेकिन खुद को बदलने की कोशिश कतई ना करें।

फिटिंग पर दें ध्यानः महंगे कपड़ों से ज्यादा आपकी फिटिंग मायने रखती है. अपनी बॉडी टाइप के अनुसार ही कपड़े चुनें; बहुत ढीले या बहुत टाइट कपड़े लुक बिगाड़ सकते



## दुल्हन की उलझन हल होगी यहां

अगर आपकी शादी हो चुकी है, तो आपको पता होगा कि इस दिन की शुरुआत ही कितनी परेशानियों से होती है। अगर शादी नहीं हुई है, तो आप खुद को इस बात के लिए तैयार कर लें कि आखिरी वक्त पर ना जाने कितनी चीजें परफेक्ट नहीं होती हैं। ऐसे में भले ही कितनी भी तैयारियां की हों कुछ ना कुछ गड़बड़ होती ही है। शादी वाले दिन दुल्हनों की एंग्जायटी का लेवल भी थोड़ा ज्यादा ही होता है। ऐसे समय में आपके काम कुछ ऐसे हैक्स आ सकते हैं जिनके बारे में शायद आपको ना पता हो। वेडिंग प्लानिंग जितनी भी कर लो, लेकिन आखिरी वक्त की हड़बड़ाहट में अगर आपको कुछ करने का मौका मिले, तो आपको इन हैक्स को जरूर आजमाना चाहिए।

### ब्राइडल फुटवियर में स्लिप हो रहे हैं पैर

ब्राइडल फुटवियर हमेशा नई ही होती है और ऐसे में जब बहुत ही स्मूथ सरफेस वाली चप्पल हो, तो पैर जरूर फिसलता है। ऐसे में आपको इन दो चीजों को जरूर करना चाहिए- सबसे पहले चप्पल के सोल को थोड़ा सा घिस लीजिए। इसे रेत से, नेल फाइलर से, सैंडपेपर से घिसा जा सकता है। आप किसी भी रफ चीज से इसे घिस सकती हैं जिससे पैरों में दिक्कत ना हो। दूसरा यह कि आपके पैरों में अगर पसीना आ रहा है, तो उन्हें साफ करें और थोड़ा सा पाउडर छिड़क लें। ध्यान रखें कि पाउडर इतना ज्यादा नहीं होना चाहिए कि आपका पैर ही स्लिप होने लगे। अगर आपकी फुटवियर काट रही है, तो आप अपने पैरों पर उस जगह वैसलीन या फिर बैंडएड लगाएं जहां वह काट रही है। ऐसे में आपके पैर चोट से बच जाएंगे। ब्राइडल दुपट्टे बहुत हैवी होते हैं और अधिकतर वह सिर पर टिक नहीं पाते। ऐसे में एक हैक आपके बहुत काम आ सकता है। आपको करना यह है कि दुपट्टे में अंदर की ओर से एक सेफ्टी पिन लगानी है और उस सेफ्टी पिन से अटैच करते हुए सिर पर दुपट्टा हेयर पिन की मदद से सेट करना है।



## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा

सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं।

बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स

अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।



### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

### एंकल बूट्स

आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

कार्नर न्यूज

### पतला दिखने की चाहत में गलतियों से बचें

## स्लिम दिखना अगर आपकी चाहत है तो साड़ी के साथ अपनाएं जरूरी टिप्स, खिल उठेगा रूप

साड़ी लुक को आकर्षक बनाने के लिए आपको ड्रेपिंग से लेकर स्टाइलिंग तक के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। साड़ी को ड्रेप करने के कई तरीके हो सकते हैं और इसके लिए आपको इंटरनेट पर कई तरह की वीडियोज मिल जाएंगी। ज्यादातर हम साड़ी लुक्स के लिए सेलिब्रिटीज के लुक्स से इंस्पायर हो जाते हैं और इन्हें री-क्रिएट करने लगते हैं।

कई बार साड़ी तो हम पहन लेते हैं, लेकिन कई स्टाइलिंग मिस्टेक्स के वजह से हम साड़ी में परफेक्ट लुक नहीं हासिल कर पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं 10 गलतियां जिन्हें आपको नहीं करना चाहिए ताकि आप आसानी से पतली नजर आए। अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो साड़ी को ड्रेप करने के लिए आप पल्लू की प्लीट्स न बनाएं और इसे इसे ही खुला हुआ छोड़ दें। मार्केट में आपको कई तरीके के वर्क वाली साड़ी मिल जाएंगी, लेकिन पतली दिखना चाहती हैं तो आप लाइट वेट डिजाइन की साड़ी को चुन सकती हैं। वैसे तो हम हर साड़ी के साथ अलग से पेटीकोट को खरीदते हैं, लेकिन अपनी बॉडी को परफेक्ट फिटिंग देने के लिए आप साड़ी शेपवियर को भी पहन सकती हैं। साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज को चुनते समय कोशिश करें कि ज्यादा फैलावट वाला कोई डिजाइन न चुनें और स्लीव्स व नेकलाइन के लिए कोई लेटेस्ट फैशन में चल रहे डिजाइन का चुनाव करें। पतली दिखना चाहती हैं तो सटल और लाइट कलर कॉम्बिनेशन की जगह पर आप डीप और डार्क कलर की साड़ी को चुनें।



फैब्रिक की बात करें तो कई सिल्क फैब्रिक जैसे टिश्यू आपको फैलावट वाला लुक देंगे लेकिन अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो शिफॉन या जोर्जेट के कपड़े की साड़ी को चुनें। साड़ी में आर्म फैट को छिपाना चाहती हैं तो बेल स्लीव्स जैसे फैले हुए डिजाइंस की जगह पर सिंपल 3/4 लेंथ की स्लीव्स बनवाएं। ब्लाउज की नेकलाइन के लिए आप चौड़ाई को कम रखें ताकि आपकी बॉडी शेप सही तरीके से डिफाइन हो पाए और इसके लिए आप वी-नेक, स्वीटहार्ट जैसी नेकलाइन को चुन सकती हैं। साड़ी के डिजाइन के लिए बॉर्डर वर्क चुन रही हैं तो इसके लिए कोशिश करें कि कम चौड़ाई वाले बॉर्डर डिजाइन को ही चुनें ताकि आपकी ब्रेस्ट और बॉडी शेप परफेक्ट शेप में नजर आए। साड़ी की प्लीट्स बनाते समय आप इन्हें हेयर स्ट्रैटनर की मदद से सेट कर लें ताकि साड़ी की प्लीट्स फैलने से बची रहे। फैब्रिक का चुनावः स्लिम दिखने के लिए भारी या कड़क कपड़ों (जैसे ऑर्गेंजा या नेट) के बजाय शिफॉन, जॉर्जेट, क्रेप या मैसूर सिल्क जैसे हल्के और शरीर से चिपकने वाले फैब्रिक चुनें।



पेटीकोट और शेपवियरः पारंपरिक ढीले पेटीकोट की जगह साड़ी शेपवियर पहनें। यह आपके कर्व्स को सही आकार देता है और पेट के पास से फूला हुआ नहीं दिखता।

**ड्रेपिंग स्टाइलः** साड़ी को नाभि के ठीक नीचे बांधें। पल्लू को चौड़ा रखने के बजाय पतली पिन-अप प्लीट्स बनाएं, जिससे शरीर लंबा और पतला नजर आता है।

**प्रिंट और डिजाइनः** बड़े प्रिंट्स शरीर को भारी दिखाते हैं। हमेशा छोटे प्रिंट्स या वर्टिकल स्ट्राइप्स वाली साड़ियां चुनें। बॉर्डर भी पतला होना चाहिए।

ब्लाउज का डिजाइनः 'वी' नेक या गहरी गर्दन वाले ब्लाउज गर्दन को लंबा दिखाते हैं। अगर हाथ भारी हैं, तो एल्बो लेंथ वाली आस्तीन सबसे अच्छी रहती है।